रविवार
26 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




राजनेताओं पर अभद्र गीत गाने वाले गायक व गीतकार पर प्राथमिकी दर्ज 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

# बिहार में आधा जंगलराज आया है, तेजस्वी के सीएम बनने पर पूरा आ जाएगा: शाह

**केटी न्यूज/लौरिया**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पश्चिमी चंपारण के लौरिया में रैली करके राज्य में बीजेपी के लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार का शंखनाद किया। अपने भाषण में शाह ने नीतीश कुमार, लालू यादव और कांग्रेस को निशाने पर लिया। शाह ने कहा कि अभी बिहार में आधा जंगलराज आया है, तेजस्वी के सीएम बनने के बाद पूरा जंगलराज आ जाएगा। अमित शाह ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की धरती, मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा बनाने वाली इस चंपारण की भूमि को प्रणाम करता हूं। यहां मौर्य साम्राज्य का शासनकाल लंबे समय तक चला। चंद्रगुप्त और अशोक ने यहां शासन किया। उन्होंने किसानों के नेता पंडित राजकुमार शुक्ल को प्रणाम किया और कहा कि मैं यहां सीधी बात ही करना चाहूंगा।



अमित शाह ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनी। मगर हमने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया क्योंकि हमने वादा किया था। मगर नीतीश को हर तीन साल में पीएम बनने का सपना आता है। जेपी नारायण जिस कांग्रेस के खिलाफ लड़े। नीतीश ने जिस जंगलराज के खिलाफ लड़कर बीजेपी के साथ मिलकर सरकार बनाई, उन्हीं लालू यादव की गोद में जाकर बैठ गए हैं। नीतीश बाबू बहुत आया राम-गया राम कर लिए हैं। बीजेपी के दरवाजे उनके लिए बंद हो गए हैं।

**केंद्र ने 15 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट दिए, पर नीतीश ने जमीन नहीं दी :** 15 हजार करोड़ के तीन प्रोजेक्ट हाइवे के पीएम मोदी ने दिए। पहला बेतिया-पटना तमकुहीं तक, दूसरा गोरखपुर से सिलीगुढ़ी और तीसरा बेतिया-पटना हाइवे का निर्माण कराया जाएगा। लेकिन नीतीश बाबू ने जमीन ही नहीं दी क्योंकि लालू यादव का दबाव है। रक्सौल के हवाई अड्डे के लिए भी जमीन नहीं मिली। पीएम मोदी ने 15 हजार करोड़ की मदद जो बिहार को भेजी है उसमें रोड़ा मत बनिए।

## तेजस्वी यादव को सीएम बनाने की तारीख बताएं नीतीश

शाह ने कहा कि नीतीश ने लालू के बेटे को सीएम बनाने का वादा किया है। पर नीतीश तारीख नहीं बता रहे हैं। लोकतंत्र में पारदर्शिता होनी चाहिए। अगर वादा किया है तो तारीख बताएं कि तेजस्वी को कब मुख्यमंत्री बनाएंगे। आरजेडी के विधायक रोज मांग कर रहे हैं। तेजस्वी के आने से बिहार में पूरा जंगलराज आ जाएगा।

**आरजेडी और कांग्रेस का हिसाब बताएं नीतीश :** अमित शाह ने कहा कि लालू यादव पहले केंद्र में मंत्री थे। नीतीश बाबू अब उनकी गोदी में बैठे हैं। केंद्र में जब यूपीए की सरकार थी तब बिहार को सिर्फ 50 हजार करोड़ रुपये दिए थे। मगर पीएम मोदी ने 2014 से 19 तक 1 लाख 9 हजार करोड़ बिहार को दिए। मैं मोदी का हिसाब लेकर आया हूं। आप में साहस हो तो आरजेडी और कांग्रेस का हिसाब जनता के सामने रखें। यूपीए सरकार ने 1.36 लाख करोड़ कर निर्धारण नीति के तहत दिया था। मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर 2 लाख 83 हजार 452 करोड़ रुपये कर दिया।

## 2025 में बिहार में बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी

अमित शाह ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार में बीजेपी की पूर्ण बहुमत की सरकार बिहार में बनानी है। इसकी शुरूआत 2024 में करनी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो जंगलराज लाए हैं, उन्हें सत्ता से बाहर करना है।

**आरजेडी और जेडीयू का गठबंधन तेल और पानी जैसा:** अमित शाह ने कहा कि आरजेडी और जेडीयू का गठबंधन पानी और तेल के जैसा है। दोनों कभी नहीं मिलते हैं। आरजेडी तेल तो जेडीयू पानी है। नीतीश कुमार पीएम बनने के लिए कांग्रेस और आरजेडी की शरण में गए और बिहार का बंटाधार कर दिया। मगर केंद्र में जगह खाली नहीं है। 2024 में मोदी ही आने वाले हैं। अमित शाह ने कहा कि लालू यादव, सोनिया गांधी, नीतीश कुमार की पार्टी भी राज्यसभा में 370 हटाने का विरोध करती थी। कहते थे कि कश्मीर में खून की नदियां बह जाएंगी। ये मोदी सरकार है, खून की नदियां छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं हुई है।

## कालाबाजारी के चलते किसानों को नहीं मिल पा रहा यूरिया

पटना के बापू सभागार में आयोजित किसान-मजदूर समागम को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार को डेढ़ गुना यूरिया भेजा है। मगर नीतीश और तेजस्वी की सरकार में कालाबाजारी के चलते किसानों को यूरिया नहीं मिल पा रहा है।अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी का कहना है कि बिहार के अंदर पानी है, भूमि है, मेहनतकश किसान हैं, अगर सही से व्यवस्था की जाए तो सबसे ज्यादा दूध उत्पादन करने वाला राज्य बिहार बन सकता है। मोदी का यह विचार नीतीश कैसे पूरा करेंगे। दूध उत्पादन के लिए पशु चाहिए। पशुओं के लिए चारा चाहिए और चारा चोर तो सत्ता में बैठा है, तो फिर बिहार के किसानों का विकास कैसे होगा। कहा कि नीतीश कुमार ने बीजेपी को दो बार धोखा दिया। अब वे हमें धोखा नहीं दे पाएंगे, क्योंकि उन्हें एनडीए के अंदर लिया ही नहीं जाएगा। नीतीश के लिए एनडीए के सारे दरवाजे बंद हो गए हैं। जब उन्हें धोखा मिलेगा तब पता चलेगा कि विश्वासघात क्या होता है।

---

**पूर्णिया में महागठबंधन की रैली: लालू बोले- भाजपा कोई पार्टी नहीं, आरएसएस का मुखौटा है; सीएम ने की घोषणा**

# बड़े पैमाने पर होगी शिक्षकों की बहाली: नीतीश

**केटी न्यूज/पूर्णिया**

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए विपक्षी एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से शनिवार को पूर्णिया में महागठबंधन की ओर से रैली का आयोजन किया गया। इसमें भले ही राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद मंच पर मौजूद नहीं थे लेकिन उन्होंने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि खुश हैं कि पूर्णिया में लाखों लाख की भीड़ जुटी है। आज देश टुकड़े-टुकड़े की होने की कगार पर पहुंच चुका है। भाजपाई को कोई शर्म नहीं। अपने अंदाज में लालू ने कहा कि आरएसएस-भाजपा का रथ तब भी बिहार में रोका गया था, इस बार भी इस काम को बिहार से ही किया जाएगा। लालू ने सबसे पहले भीड़ को लेकर कहा कि एकजुटता यह प्रमाणित करेगा कि भविष्य में जो लोकसभा चुनाव होने वाला है, वह हम इसी एकता के साथ लड़ेंगे ताकि भाजपा-आरएसएस का सफाया हो।

उन्होंने कहा कि भाजपा कोई पार्टी नहीं, आरएसएस का मुखौटा है। दोनों आरक्षण विरोधी है। देश में तानाशाह नरेंद्र मोदी सरकार है। ऐसे में हम सब देश को बचाने के लिए, लोकतंत्र को बचाने, संविधान को बचाने के लिए एकजुट रहेंगे। लालू ने कहा कि बिहार परिवर्तन करता है तो देश पर असर पड़ता है। देश बिहार का अनुसरण करता है। उन्होंने गुरु गोलवलकर के बंच ऑफ थॉट का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें काशी विश्वनाथ मंदिर में घुसने पर दलितों के साथ दुर्व्यवहार की बात लिखी थी। किताब में लिखते हैं कि आरक्षण को खत्म करना चाहिए, इसकी जरूरत नहीं है। लालू ने कहा कि हम और नीतीश एक हो गए हैं। कोई भ्रम में नहीं रहे। गठबंधन विचारधारा और धारा का है। हम 2024-25 के चुनाव में इसी एकता से रिकॉर्ड तोड़ेंगे।






## नीतीश बोले- शिक्षकों का वेतनमान बढ़ाएंगे

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के संबोधन के समय शिक्षकों और शिक्षक अभ्यर्थियों ने हंगामा शुरू कर दिया। तब नीतीश ने कहा- हल्ला मत करो सुनो। शिक्षकों की बड़े पैमाने पर बहाली होगी। 10 लाख नौकरी देने का वादा पूरा करेंगे। सब बहुत अच्छा ढंग से होगा। वेतनमान भी बढ़ेगा। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने एक-एक कर कई भ्रांतियों को हटाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि शरद जी खुद अलग हो गए और लोग कह रहा है कि हम शरद जी को छोड़ दिए। उन्होंने कहा कि लोग कहते हैं कि हमने जीतन राम मांझी को धोखा दिया। लेकिन, वह लोग तो अटल बिहारी बाजपेयी तक को भूल गए। यह सब भरमाने के लिए है। हम लोग अब एकजुट हैं और एकजुट एकजुट रहेंगे। एकजुट होकर एक साथ लड़ना है। इधर-उधर मत होने दीजिएगा। गरीबों का उत्थान करेंगे। कहा कि हम कांग्रेस पार्टी का इंतजार कर रहे हैं, जल्दी से जल्दी कीजिए। पूर्णिया में एयरपोर्ट बनने के सवाल पर नीतीश कुमार ने कहा कि सबसे पहले यहीं बनना था, जमीन देने के लिए हम तैयार हैं, मगर केंद्र काम शुरू करने के लिए तैयार नहीं है।

## तेजस्वी बोले- लालूजी नहीं झूके तो बेटा भी नहीं झुकेगा

उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि अभी अमित शाह कह रहे हैं कि ये जंगलराज है। सुन लीजिए ये जनता का राज है। तेजस्वी ने कहा कि केंद्र में ऐसी सरकार है जो 5 किलो राशन देकर वोट मांग रही है। वही अनाज जिसे सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि राशन जब सड़ रहा है तो फ्री में बांटो। आज यह राशन बांट रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि लालू जी ने सांप्रदायिक शक्तियों के सामने कभी घुटना नहीं टेका। भाजपा में कोई लीडर नहीं, सब डीलर हो चुका है। जैसे लालू जी ने इनलोगों की सरकार के सामने कभी घुटना नहीं टेका, वैसे ही उनका बेटा कभी झुकेगा नहीं। नीतीश कुमार ने सही समय पर सही डिसीजन लिया। ये लोग नीतीश कुमार की पार्टी को तोड़ना चाहते हैं। तेजस्वी ने कहा कि अनेकता में ही एकता है। हमलोग अलग-अलग हैं लेकिन एक हैं यही महागठबंधन है। आप लोगों की दुआ और प्रार्थना से पिता लालू यादव की सेहत ठीक हुई। आज जो बीजेपी के खिलाफ बोलता है तो वहां छापा पड़ता है। जो उनके साथ हैं वह हरिषचंद्र हैं। नीतीश कुमार ने सही समय पर निर्णय लेकर वापसी की।

## कांग्रेस ने बीजेपी से समझौता नहीं किया: अखिलेश सिंह

बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मैं इसलिए भी पूर्णिया आया कि वो इस धरती को पहले से जानते हैं। कहा कि अजीत साहब के संघर्ष को उन्होंने देखा है। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नीतीश कुमार ने जो फैसला लिया था बीजेपी से अलग होने का और यहां एक सेक्युलर सरकार बनाने का उसी समय बिहार में बीजेपी की कमर टूट गई। हर पार्टी में कुछ बयानवीर लोग रहते हैं। मेरी पार्टी में भी है। कांग्रेस ऐसी पार्टी है कि 137 साल के इतिहास में कि बीजेपी और आरएसएस से समझौता नहीं किया। मुझे उम्मीद है कि आप सब जब मिलजुलकर काम करेंगे तो बीजेपी के लिए कोई जगह नहीं है। ठीक से सीट बंटवारे कर लड़ेंगे तो मोदी और अमित शाह के लिए जगह नहीं।

## भाजपा सिर्फ एक व्यक्ति की पार्टी बन गई है: दीपांकर

भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि रैली से जो बात आज बिहार से बाहर निकल कर गई है इससे विपक्षी एकता मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का महाधिवेशन होने के बावजूद भी रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जो विपक्षी एकता का प्रतीक है। भट्टाचार्य ने कहा की लालू यादव की पार्टी का नाम ही राष्ट्रीय जनता दल है। इसे कम करके नहीं आंकिये। उन्होंने कहा की भले ही राजद प्रदेश स्तर की पार्टी है। उन्होंने कहा की भाजपा सिर्फ एक व्यक्ति की पार्टी बनकर रह गयी है। पंचायत से लेकर देश स्तर के चुनाव में प्रधानमन्त्री का तस्वीर लगाया जा रहा है। लेकिन देश जिस तरह से विविधताओं से भरा है। उसी तरह केंद्र की सरकार में सभी पार्टियों के लोग हो।

## संविधान से खिलवाड़ कर रही है केंद्र की सरकार: जीतन मांझी

मंच से महारैली को संबोधित करते हुए हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने कहा कि वर्तमान केंद्र की सरकार जुमलों की सरकार है। दो करोड़ हर साल नौकरी देने का वादा था लेकिन नहीं मिला। दूसरी बात महंगाई रोकेंगे लेकिन देख रहे हैं कि महंगाई आकाश छू रही है। लोग महंगाई से त्रस्त हैं। बीजेपी की सरकार संविधान से खिलवाड़ कर रही है। सभी चीजों को प्राइवेट सेक्टर में ले जा रहे हैं और आरक्षण नहीं दे रहे हैं। आरक्षण समाप्त हो रहा है। कहा कि यह सरकार रहेगी तो भारत को बर्बाद कर देगी। हिंदुस्तान टुकड़े-टुकड़े में बंट जाएगा।

# बिहार में सुशासन का केवल ढिंढोरा पीटा जा रहा : चिराग



**केटी न्यूज/नवादा**

नवादा के पकरीबरावां प्रखंड के बुधौली दुर्गा मंदिर परिसर में शनिवार को लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिहार बदहाली की कगार पर है। यहां के युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। लोग जब अपने हक और अधिकार के लिए सड़कों पर उतर रहे हैं तो उन्हें लाठियां खानी पड़ रही हैं। किसान जब खाद की मांग के लिए एवं अन्य मुआवजे की मांग कर रहे हैं तो उन पर लाठियां बरसाई जाती हैं। बुजुर्गों को स्वास्थ्य सुविधा के लिए दूसरे प्रदेश जाना पड़ता है। आखिर आजादी के इतने वर्षों बाद भी बिहार पिछड़ा क्यों है। वर्षों तक राज करने वाली सत्ताधारी पार्टी क्यों नहीं बिहार का विकास कर रही है। लोग घरों से बाहर निकलने से डरते हैं, न जाने अपराधी की गोली का कब हो जाएं शिकार

पासवान ने कहा कि वर्तमान सरकार बिहार में किए गए विकास के पांच कार्य ही गिना दे। बिहार में अपराध चरम पर है। लोग घरों से बाहर निकलने में डरते हैं। पता नहीं किस अपराधी की गोली का शिकार हो जाएं। अगर गोली का शिकार नहीं भी हुए तो जहरीली शराब से उनकी मौत हो जाएगी। बिहार में सुशासन का केवल ढ़िढोंरा पीटा जा रहा है। अब समय आ गया है कि आगामी चुनाव में हम बिहार में विकास के लिए इनसे मुक्ति पाएं। हमें बिहार को बदलने का एवं उसे विकास की राह पर ले जाने का संकल्प लेना होगा।

**बाबा साहब की प्रतिमा का किया अनावरण:** बुधौली के मंगर चौक के पास राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने जमीनदाता पैक्स अध्यक्ष सुबोध विश्वकर्मा की प्रशंसा की। कार्यक्रम के संयोजक ललन पासवान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने जिस समाज की स्थापना की उसमें सभी एकता के सूत्र में बंधे थे। वर्तमान सरकार उन आदर्शों को दरकिनार कर समाज को बांटने का काम कर रही है।

---

# पटना में दो किसानों की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में शुक्रवार की देर रात अपराधियों ने दो किसानों की गोली मारकर हत्या कर दी। संजीव कुमार और राजेश कुमार दोनों अपने खेत में फसल देखने गए थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। परिवार वालों ने संपर्क करना चाहा, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। उनका मोबाइल भी बंद मिला। परिवार वालों की खोजबीन के बाद पता चला कि दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना के बाद परिजन सदमे में हैं। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मेहंदी गंज इलाके के बाईपास थाना क्षेत्र के मराठी गांव की है।

**खेत में अपराधियों ने मारी गोली:** परिजनों का कहना है कि संजीव उर्फ पप्पू और राजेश कुमार आपस में दोस्त हैं। संजीव कुमार जिसकी 10 बीघा जमीन है वह खेती करता था। परिजनों का कहना है कि संजीव और उसके दोस्त मरची गांव स्थित खेत में फसल देखने शाम 4:00 बजे गए थे। देर रात दोनों वापस नहीं आए। इसके बाद दोनों का शव मर्जी गांव नहर के पास पाया गया। पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

**भूमि विवाद का है मामला:** पटना सिटी एसपी अमित रंजन का कहना है कि घटना लगभग रात्रि 9:30 से 10:00 के बीच की है। इसकी जानकारी रात को 11:00 बजे मिली। संभावना है कि संजीव के पास जमीन थी और खरीदी बिक्री का काम करता था। पुलिस जांच में जुटी है। मामला सामने आते ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा और उसके ऊपर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि मृतक संजीव के परिचित का कहना है कि संजीव के पास इतनी जमीन थी कि वो उसपर काम करता था, वह कोई जमीन खरीद बिक्री का काम नहीं करता था।

# आतंकवाद की ट्रेनिंग लेने पाक जा रहे दो कट्टरपंथी गिरफ्तार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

आतंकवाद की ट्रेनिंग लेने के लिए पाकिस्तान जा रहे दो कट्टरपंथियों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लाल किले के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इनमें से एक दक्षिण भारत के तमिलनाडु तो दूसरा महाराष्ट्र का रहने वाला है। पुलिस का दावा है कि ये दोनों आतंकी ट्रेनिंग के लिए जा रहे थे। आरोपियों के नाम खालिद मुबारक खान जिसकी उम्र 22 साल और अब्दुल्लाह जिसकी उम्र 32 साल है। खालिद ठाणे वेस्ट, महाराष्ट्र का रहने वाला है। जबकि, अब्दुल्ला तमिलनाडु के कलियाकुल्ला का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि ये दोनों पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में थे और जम्मू-कश्मीर के कुछ कट्टरपंथी युवाओं के साथ ट्रेनिंग करने के लिए पाकिस्तान जाने वाले थे। पुलिस को इन दोनों के बारे में सूचना मिली, जिसके बाद इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# नालंदा में माले नेता की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/नालंदा**

जिले के करायपशुरय थाना इलाके के मलिकपुर खंधा से माले नेता सोहराय प्रसाद का शव शनिवार को बरामद किया गया है। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि माले नेता को सात गोली मारी गई है शव मिलने की सूचना पर आसपास के कई गांव के लोग देखने के लिए पहुंच गए और भीड़ एकत्रित हो गई।

**जमीन का करते थे कारोबार**

शव की पहचान चिकसौरा थाना इलाके के बैरीगंज गांव निवासी सोहराय प्रसाद के रूप में हुई है। बताया जा रहा कि भवानी बीघा गांव के रंजीत यादव ने फोन करके शुक्रवार को बुलाया था। वह घर से जाने के बाद वापस नहीं लौटे तो परिवार वाले उनकी खोजबीन कर रहे थे, लेकिन सोहराय प्रसाद का मोबाइल बंद था। माले नेता सोहराय प्रसाद पहले मर्डर केस में जेल भी जा चुके थे और यह वर्तमान में जमीन बिक्री का धंधा कर रहे थे। परिवार वालों का कहना है कि रंजीत यादव ने फोन कर बुलाया और उसने पटना के धनरूआ जाने की बात कही थी। धनरूआ जाने के बाद वह वापस नहीं लौटे थे।

**दोस्त रंजीत पर आरोप:** परिवार वालों का कहना है कि रंजीत यादव ने ही बुलाकर हत्या कर शव को फेंक दिया। रंजीत यादव के बारे में बताया जा रहा है कि यह भी अपराधी है। मृतक नेता के बेटे राजबली बिंद ने बताया कि घर से निकलने से पहले पिता ने बताया कि किसी काम से धनरूआ जा रहे हैं। पिताजी जमीन का काम करते थे और जमीन के ही काम से यह गए थे। रंजीत यादव ने कॉल कर पटना बुलाया था। बेटा ने यह भी बताया कि पूर्व में पिता हत्या के मामले में जेल गए थे, लेकिन उस मामले में समझौता हो गया था।

CMYK

## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आने से दुकानदार की मौत

**आरा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के समीप स्थित झांझरिया पुल के पास शनिवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से अप लाइन पर व्यक्ति की मौत हो गई। जिसके बाद वहां लोगों के बीच काफी देर तक अफरातफरी मची रही। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रेल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। जिसके बाद पुलिस मृतक की पहचान में जुट गई। मृतक टाउन थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा मोहल्ला वार्ड नंबर 29 निवासी केदार प्रसाद साह है। जो पेशे से कपड़ा दुकानदार थे। आरा और सिकरहट्टा थाना अंतर्गत फतेहपुर बाजार पर उनका कपड़ा का दुकान था। परिजनों ने बताया कि वो घटना की सुबह ट्रेन से कपड़ा का मार्केटिंग करने के लिए पटना गए थे। लेकिन, लौटते वक्त यह घटना घटी।

### पंचायत सचिव पर होगी विभागीय कार्रवाई

**जहानाबाद।** जल जीवन हरियाली योजना के तहत सार्वजनिक कुआं के जीर्णोद्धार कार्य में धांधली करना गंधार पंचायत के पंचायत सचिव को महंगा पड़ गया। मामले में मगध प्रमंडल के कमिश्नर मयंक बड़बड़े ने दोषी पंचायत सेवक से सरकारी राशि की रिकवरी करते हुए विभागीय और कानूनी कार्रवाई चलाने का आदेश दिया है। गंधार पंचायत के मुखिया और पंचायत सचिव द्वारा वैना में निजी जमीन पर पहले से ही बने कुआं के जीर्णोद्धार के नाम पर सरकारी राशि का गबन कर लिया गया था। जिसकी शिकायत पर डीएम ने जांच का निर्देश दिया था लेकिन मोदनगंज के अंचल अधिकारी ने गलत जांच प्रतिवेदन देकर आरोपियों को बचाने की कोशिश की। शिकायत पर मगध प्रमंडल के कमिश्नर ने तत्कालीन पंचायत सचिव सुनील कुमार से सरकारी राशि की रिकवरी और विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया।

# शर्म व संकोचवश स्तन कैंसर पर चर्चा करने से कतराती हैं महिलाएं: डॉ. आयुषि

**केटी न्यूज/बक्सर**

- सदर प्रखंड अंतर्गत एचडब्लयूसी की सीएचओ को दी गई कैंसर की स्क्रीनिंग की ट्रेनिंग
- लोगों और महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने की दी गई सलाह

भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर और बिहार सरकार के समन्वय से जिले में कैंसर की स्क्रीनिंग और इलाज की व्यवस्था की गई है। इस क्रम में अधिकाधिक इसका लाभ उठा सकें। इसके लिए सदर प्रखंड अंतर्गत सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और जीएनएम स्टाफ को कैंसर की स्क्रीनिंग के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर के डॉ. वरुण सांक्रित और डॉ. आयुषी ने ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग करने के संबंध में बताया। जिससे कि किसी भी मरीज के आने पर उन मरीजों में ओरल और स्तन के कैंसर की जांच कर सकें।

साथ ही, लोगों में कैंसर के प्रति जागरूकता लाई जा सके। डॉ. वरुण ने बताया कि मुख्य रूप से ओरल कैंसर के शुरूआती लक्षणों की जांच करने के लिए कोई ज्यादा सामान की जरूरत नहीं, बस उन्हें अपनी टॉर्च की लाइट में मुंह के अंदर की परतों को देखकर कैंसर का पता लगाया जा सकता हैं। वहीं ब्रेस्ट कैंसर को हाथों से परीक्षण करेंगे कि उनके साइज और कुछ बदलाव हैं या नहीं, से पता कर सकते हैं। वहीं, डॉ. आयुषी ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में बताया कैसे जांच करने की प्रकिया अपनायें व वीआईए स्क्रीनिंग और सैंपल कलेक्शन के संबंध में जानकारी दी। मौके पर सदर प्रखंड के बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह मौजूद रहे।



### जल्द पहचान नहीं होने से शरीर के अन्य अंगों में फैलता है स्तन कैंसर

डॉ. आयुषी ने बताया कि सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर का एक प्रकार है स्तन कैंसर। महिलाओं में इसे लेकर जागरूकता की कमी देखी जाती है। ज्यादातर महिलाएं शर्म और संकोचवश इसके बारे में खुलकर चर्चा करने से कतराती हैं। स्तन कैंसर बिना किसी लक्षण के भी स्त्री के शरीर में पाया जाता है जिसे एसिंपटोमैटिक ब्रेस्ट कैंसर कहा जाता है। इस स्थिति में इसकी जल्दी पहचान नहीं होने के कारण यह शरीर के अन्य अंगों में फैलता और इसकी पहचान अंतिम चरणों में होती है। ऐसी स्थिति में इसका उपचार करना कठिन हो जाता है। उन्होंने बताया स्तन कैंसर की पहचान के लिए ससमय स्क्रीनिंग जरूरी है। 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को अपने चिकित्सक से बात कर नियमित स्क्रीनिंग करवानी चाहिए। एक्सरे और मेमोग्राम से ज्यादातर स्तन कैंसर की पहचान की जाती है। उन्होंने बताया कि स्थिति स्पष्ट नहीं होने पर महिलाओं को स्तन का अल्ट्रासाउंड, एमआरआई, सीटी स्कैन आदि कराने की सलाह भी चिकित्सकों द्वारा दी जाती है। रेडियो पैथोलॉजिकल जांच के बाद उपचार शुरू किया जाता है।

**स्तन कैंसर का उपचार:** डॉ. आयुषी ने बताया कि स्तन कैंसर का उपचार, प्रकार, चरण एवं कैंसर की जगह के हिसाब से किया जाता है। मरीज को उसके कैंसर की स्थिति के अनुसार कीमोथेरेपी, सर्जरी, रेडिएशन एवं हॉर्मोन थेरेपी की सलाह दी जाती है। चिकित्सक बताते हैं कि मरीज के लिए कौन सा उपचार सही है। शुरूआती चरण में कैंसर की पहचान होने से मरीज की जान बच जाती और वह एक सामान्य जीवन व्यतित कर सकती है।

### भोजपुरी गायक प्रमोद प्रेमी पर अश्लीलता व सामाजिक विद्वेष फैलाने का आरोप

# राजनेताओं पर अभद्र गीत गाने वाले गायक व गीतकार पर प्राथमिकी दर्ज




- भोजपुर बसपा जिलाध्यक्ष की तहरीर पर सिन्हा ओपी में दर्ज करायी गयी प्राथमिकी
- गाने में की गयी पीएम मोदी, लालू यादव चिराग पासवान और मायावती पर अभद्र टिप्पणी
- एसपी बोल- शिकायत मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर की जा रही कार्रवाई

**केटी न्यूज/आरा**

होली के नाम पर राजनेताओं पर अभद्र गीत गाना भोजपुरी के चर्चित गायक सह अभिनेता प्रमोद प्रेमी को महंगा पड़ गया। इस मामले में उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। उसके तहत उनके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज करा दी गयी है। प्रमोद प्रेमी पर पीएम नरेन्द्र मोदी, सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, राजद प्रमुख लालू यादव, यूपी की पूर्व सीएम बसपा सुप्रीमो मायावती, लोजपा (रामविलास) प्रमुख सह सांसद चिराग पासवान और नुपूर शर्मा पर अभद्र गीत गाने का आरोप है। इसे लेकर भोजपुर के बसपा के जिलाध्यक्ष रविन्द्र राम की तहरीर पर बड़हरा के सिन्हा ओपी में केस किया गया है। उसमें चर्चित गायक प्रमोद प्रेमी यादव और गीत के लेखक छोटन मनीष को नामजद किया गया है। वहीं गीत मंडली के अन्य लोगों को भी आरोपित किया गया है।

सिन्हा ओपी क्षेत्र के सिंह घाट (कल्याणपुर) गांव के रहने वाले परशुराम यादव के पुत्र गायक प्रमोद प्रेमी यादव पर अपने गाने के माध्यम से अश्लीलता और सामाजिक विद्वेष फैलाने का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि गीत से उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं की मनमानी हुई है और आक्रोश है। प्राथमिकी में आइटी एक्ट भी लगाया गया है। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा इसकी पुष्टि की गयी है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को विवादित गीत गाने की शिकायत मिली थी। उस आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। अब आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि अश्लील और जाति सूचक गीत गाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी। एसपी की ओर से आमजनों से एक बार फिर अश्लील व जाति सूचक गीत बजाने एवं सोशल मीडिया पर अपलोड करने से परहेज करने की अपील की है।

#### सोशल साइट पर भी किया गया था अपलोड

भोजपुर के चर्चित गायक सह फिल्म अभिनेता प्रमोद प्रेमी यादव की ओर से होली के नाम पर इन सभी नेताओं पर अभद्र गीत गाया गया था। गाने को फेसबुक व ट्विटर हैंडल सहित अन्य सोशल साइट पर अपलोड भी किया गया था। उसके बाद गीत वायरल हो गया। सभी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं तक भी गीच पहुंच गया। उसके बाद लोजपा (रामविलास) नेता राजेश्वर पासवान की ओर से एसपी सहित अन्य अफसरों को आवेदन देकर शिकायत दर्ज करायी गयी थी। उस पर एसपी की ओर से तत्काल कार्रवाई करने का आदेश जारी कर दिया गया था।

#### कार्रवाई शुरू होते ही हटा लिया गया गीत

इधर, पुलिस की कार्रवाई शुरू होने की भनक लगते ही गायक की ओर से ट्विटर हैंडल और फेसबुक सहित अन्य सोशल साइट से गीत को हटा दिया था। तबतक गीत काफी वायरल हो चुका था। सभी दल और नेताओं के समर्थकों तक पहुंच गया था। उसके बाद आयर थाना क्षेत्र के बरनांव गांव निवासी बसपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र राम की ओर से थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी। एसपी प्रमोद कुमार की ओर बताया गया कि पुलिस की कार्रवाई शुरू होने के बाद भोजपुरी गायक द्वारा सोशल साइट से गीत हटा लिया गया था। लेकिन गीत बहुत लोगों के पास पहुंच गया गया।

## एक नजर

### मनरेगा के क्रियान्वयन में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जहानाबाद को मिला प्रथम स्थान



**जहानाबाद।** ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा अधिवेशन भवन में आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में राज्य स्तर पर सबसे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जहानाबाद जिला को प्रथम सम्मान प्राप्त हुआ। यह सम्मान उप विकास परितोष कुमार एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बिकेश कुमार को संयुक्त रूप से सचिव, ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा दिया गया। बैठक में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान में जिला को पांचवा स्थान प्राप्त करने हेतु उप विकास आयुक्त एवं जिला समन्वयक माधवेन्द्र कुमार को भी सम्मानित किया गया। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जनवरी 2023 की जारी रैंकिंग में जहानाबाद मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में लगातार तीन महीने से प्रथम स्थान पर बना रहा। विभाग द्वारा महात्मा गाँधी नरेगा से संबंधित विभिन्न सूचकांकों में प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन किया गया। जिसमें जहानाबाद जिले को कुल 87.92 अंक प्राप्त हुए। मगध प्रमंडल के गया जिला को दूसरा जबकि खगड़िया को 38 वां स्थान प्राप्त हुआ। गौरतलब है कि ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा योजना के विभिन्न अवयवों यथा मानव दिवस सृजन, अनुसूचित जाति की भागेदारी, महिला की भागेदारी, कार्य पूर्णता, ससमय मजदूरी भुगतान, एप्प के माध्यम से मजदूरों की उपस्थिति इत्यादि इंडीकेटर्स में प्रगति के आधार पर ह्लपरफॉरमेंस रैंकिंग ऑफ डिस्ट्रीक्ट रिपोर्टह्व तैयार की। जिसके आधार पर जहानाबाद जिले को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। रैंकिग में कुल 100 अंकों के 13 पैरामीटर रखे गये थे।

### जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन व्यायामशाला सह खेल भवन का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने क्षेत्र भ्रमण कर जहानाबाद जिले में आधारभूत संरचनाओं के विकास, उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण हेतु पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया। इस क्रम में जिलाधिकारी ने गांधी मैदान के समीप बन रहे खेल भवन सह व्यायामशाला के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। डीजीएम, बिहार भवन निर्माण निगम द्वारा बताया गया कि उक्त संरचना दो तल हेतु प्रस्तावित है जहां मल्टी जिम, ताइक्वांडो, रेसलिंग, भारत्तोलन, टेबल टेनिस आदि की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। उनके द्वारा बताया गया कि इस भवन की चारदीवारी का निर्माण करने में कठिनाई आ रही है। जिसके लिए जिलाधिकारी द्वारा अंचल अधिकारी जहानाबाद को निर्देश दिया गया कि मानक अनुसार परिसीमन हेतु आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। उक्त अवसंरचना निर्माण क्षेत्र में पड़ने वाले अन्य भवन की भौतिक स्थिति के आकलन हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल के माध्यम से जांच कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही कला संस्कृति एवं युवा विभाग से खेल भवन व्यामशाला के प्रबंधन एवं संचालन हेतु मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।

### पूर्व विधायक मरहूम असगर हुसैन की मनाई गई 10वीं बरसी




**जहानाबाद।** जिले के पूर्व विधायक मरहूम असगर हुसैन के 10वीं पुण्य तिथि के अवसर पर एक प्रार्थना सभा का आयोजन असगर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में किया गया। सभा की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष अजहर जमील उर्फ मुन्ना हुसैन ने की। प्रार्थना सभा का शुरूआत कुरान शरीफ की तिलावत से की गई। सभा में उपस्थित उलेमा ने मरहूम असगर हुसैन को याद करते हुए कहा कि वे हरदिल अजीज रहनुमा थे। उनके सामाजिक सेवा के वजह कर ही समाज में उनकी अलग पहचान थी। जिसका जीता जागता उदाहरण इस प्रार्थना सभा में उपस्थित लोग हैं। उनके गुजरे हुए आज दस साल हो गए फिर आज वे सब के दिलों में बसते हैं। उपस्थित लोगों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके सामाजिक योगदान को याद किया। दूर दराज से आए लोगों ने कहा कि स्व हुसैन को कभी भुलाया नही जा सकता। सभा में हाफिज मौलाना अय्याज साहब, काको प्रखंड के पूर्व प्रमुख मो. शमीम उद्दीन, पूर्व मुखिया मो हसनैन, पूर्व वार्ड पार्षद मो शमीम अख्तर, पूर्व वार्ड पार्षद सोहैल मुस्तफा, वसीमुल हक रुस्तम, पूर्व वार्ड पार्षद नसीम जैदी, कांग्रेस नेता रामजी प्रसाद, उपेंद्र कुशवाहा, भूषण कुमार सिंह, महाबोधी पब्लिक स्कूल के निदेशक दिनेश शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता हरि लाल यादव, हसीबूर रहमान, मो. जफर आलम, निजाम उद्दीन कल्लन, एजाज मल्लिक, बीरबल यादव, सुशांत कुमार वर्मा, शमीम खान, नौशाद अहमद, श्याम किशोर शर्मा सहित परिवार के सदस्य क्रमश अंजर हुसैन बिट्टू, अफसर जमील व अन्य लोग मौजूद रहे।

# जहानाबाद में अमरपुर गांव स्थित ईंट भट्ठा पर माओवादियों ने पर्चा छोड़ मांगी रंगदारी

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले में एक बार फिर माओवादी पर्चा के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। पर्चा देख एक बार फिर लोग माओवादी की दस्तक से सहम गए हैं। जिसके बाद पुरानी बातों की याद लोगों के जेहन में सताने लगी है। ताजा मामला जिले के मखदुमपुर थाना क्षेत्र के अमरपुर ईंट भट्ठा की हैं। जहां बीती रात भट्ठा मालिक से लेबी मांगने की बात सामने आ रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा पार्टी के वरिष्ट नेता प्लेया गांव निवासी पम्पी शर्मा का अमरपुर स्थिति ईंट भट्ठा पर शुक्रवार की रात्रि में कुछ लोग अचानक पहुंचे। जहां भट्ठा मुंशी सहित अन्य लोग को बंधक बना कर मारपीट कर तीन मोबाइल ले भागा तथा 50 हजार रुपए की लेवी की मांग का पर्चा चिपका गया तथा पर्चा में लेवी का भुगतान करने का फरमान जारी किया है।



यदी लेवी नहीं दी गई तो परिणाम भुगतने की भी बात कही गई हैं। माओवादी ने पर्चा पर स्पष्ट लिखा है कि मिलने का माध्यम भट्ठा मुंशी होगा। वहीं भट्ठा मालिक ने जानकारी देते हुए बताया कि बीते रात्रि अचानक मेरे अमरपुर ईंट भट्ठा पर कुछ लोग आकर मुंशी सहित अन्य को बंधक बनाकर तीन मोबाइल ले गया तथा लेवी की मांग की है। उन्होंने बताया कि पर्चा की जानकारी थानाध्यक्ष मखदुमपुर तथा डीएसपी जहानाबाद को दिया गया है। वहीं, मखदुमपुर थानाध्यक्ष रविभूषण ने बताया कि पर्चा की जानकारी मिलते ही पुलिस चौकस हो गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। उन्होंने बताया के इस मामले में जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# 10वीं के छात्र को संदेहास्पद स्थिति में लगी गोली घटना को संदिग्ध मान छानबीन में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के स्थानीय अगिआंव मोड़ के समीप शुक्रवार की शाम संदेहास्पद स्थिति में एक छात्र को गोली लग गयी। गोली उसके बायें जांघ में लगी है। उसका इलाज आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी किशोर मूल रूप से गड़हनी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी उधम सिंह का 15 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार है। वह दसवीं कक्षा का छात्र है और वर्तमान में गड़हनी के अगिआंव मोड़ के समीप अपने परिवार के साथ रहता है।

बताया जाता है कि छात्र अपने गांव से रामपुर गांव गया था। वहां उसे गोली लग गयी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालांकि छात्र को गोली कैसे लगी यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर, घटना की सूचना मिलते ही गड़हनी थानाध्यक्ष राजीव अस्पताल पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर वह सदर अस्पताल पहुंचा। तभी जख्मी छात्र के परिजन उसे इलाज के लिए कहीं और ले गए है। जख्मी छात्र को गोली कैसे लगी यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। मामला संदिग्ध लग रहा है। छानबीन कर रही है। दूसरी ओर इलाज कर रहे सर्जन डॉ. विकास सिंह ने बताया कि छात्र को बाये पैर में जांघ पर गोली लगी थी। उसका ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है। अभी मरीज की स्थिति बिल्कुल स्टेबल है।



### हाथीपांव की रोकथाम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल में लोगों को खिलायी गयी दवा

# दो मार्च तक चलेगा एमडीएम का मॉपअप राउंड, दवा का सेवन जरूर करें

- सर्वजन दवा सेवन शिविर में लगभग चार सौ से अधिक लोगों ने दवा खायी

**केटी न्यूज/गया**

फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर जिला में चलाया गया सर्वजन दवा सेवन अभियान वृहस्पतिवार को समाप्त हो गया। अभियान के दौरान लोगों में हाथीपांव रोग की रोकथाम के लिए एल्बेंडाजोल तथा डीईसी नामक दवा का सेवन कराया गया। इस क्रम में मगध मेडिकल अस्पताल परिसर में इमरजेंसी भवन के समीप फाइलेरिया रोकथाम के लिए दवा सेवन का काउंटर लगाया गया जहां लोगों ने दवा का सेवन किया। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्वजन दवा सेवन अभियान का अब मॉपअप राउंड अब दो मार्च तक चलेगा। मॉपअप राउंड के दौरान दवा सेवन से छूटे या वंचित योग्य लाभार्थियों को दवा खिलाने का काम किया जायेगा। मगध मेडिकल अस्पताल परिसर में बनाये गये इस सर्वजन दवा सेवन शिविर में लगभग चार सौ से अधिक लोगों ने दवा खायी। लोगों को दवा सेवन कराने के ?काम में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से तैयार पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्यों का भी सराहनीय योगदान मिला। दस फरवरी से प्रारंभ सर्वजन दवा सेवन अभियान के अंतिम दिन तक लगभग चार सौ से अधिक लोगों ने दवा सेवन किया।



एमडीए की दवा खाती महिला लाभुक

**हाथीपांव रोगी ने लोगों को दी जानकारी:** सदर प्रखंड के चाकंद से सूर्या पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्य और हाथीपांव से ग्रसित नंदू पासवान ने अस्पताल परिसर में लोगों से मिल कर फाइलेरिया के बारे में जानकारी दी। हाथीपांव से प्रभावित अपने पैर को दिखाया और लोगों से दवा सेवन करने की अपील की। उन्होंने लोगों को बताया कि यदि वे दवा का सेवन करते हैं तो फाइलेरिया संक्रमण से बच सकते हैं। फाइलेरिया जीवन के किसी भी पड़ाव पर हो सकता है। इसका संक्रमण मच्छरों से होता है। दवा का सेवन साल में एक बार आवश्यक करना है। दवा सेवन से किसी प्रकार का नकारात्मक प्रभाव नहीं होता है। हाथीपांव जैसे रोग की गंभीरता को समझना जरूरी है. उन्होंने लोगों से मिल कर कहा कि वह नहीं चाहते कि दूसरे भी ऐसे रोग से प्रभावित हो। उनकी बातों को समझ कई लोगों ने दवा सेवन के प्रति हामी भरी और स्वास्थ्यकर्मियों के समक्ष दवा खाया।

**इन लोगों का रहा सहयोग:** शिविर आयोजन तथा दवा सेवन कराने के कार्य में अधीक्षक डॉ गोपाल कृष्ण, अस्पताल मैनेजर संतोष कुमार, जीएनएम अंकिता तथा रेखा का सराहनीय योगदान रहा।

## खबरें फटाफट

### नया भोजपुर में शराब के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार

**डुमरांव।** शुक्रवार की देर शाम नया भोजपुर ओपी पुलिस को मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि क्षेत्र के हथेलीपुर रेलवे गुमटी के समीप बाइक सवार धंधेबाज अंग्रेजी शराब की खेप पहुंचाने की तैयारी में है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस के द्वारा सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस की गाड़ी देखते ही तीनों धंधेबाज भागने की कोशिश किए, लेकिन पुलिस बल के जवानों ने तीनों को दबोच लिया। दोनों बाइक की तलाशी के दौरान रॉयल स्टेज अंग्रेजी शराब की पांच बोतल के अलावे 35 हजार रुपए नगदी, दो बाइक और तीनों के पास चार स्मार्टफोन बरामद हुए हैं। गिरफ्तार धंधेबाजों की पहचान पुराना भोजपुर के द्वारा चौधरी और स्थानीय नगर के जंगल बाजार निवासी राहुल कुमार एवं जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि तीनों के खिलाफ शराबबंदी कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पुराना भोजपुर के दारा चौधरी शराब मामले में पहले से फरार चल रहे थे। नया भोजपुर पुलिस धंधेबाजों की निशानदेही पर संभावित ठिकानों पर छापामारी कर रही है।

### बिजली बिल सुधारने को ले लगा कैंप

**केसठ।** रामपुर दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक सीएसपी के पास बिजली विभाग के निर्देश पर बिजली बिल सुधार के लिए कैंप का आयोजन किया गया।मौके पर विभाग से मीटर रीडर संतोष उपाध्याय, बिजली मिस्त्री अनिल कुमार, रामजी गुप्ता, हरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। कैंप में उपभोक्ता अपनी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे तथा आवेदन भी दिए। इस दौरान ज्यादा बिजली बिल आना, मीटर बंद हो जाना सहित अन्य प्रकार के आवेदन उपभोक्ताओं द्वारा किया गया। इस तरह से दर्जनों उपभोक्ता अपनी समस्याओं हेतु आवेदन दिए।

# डुमरांव के लाभुकों को नही मिली पीएम आवास योजना की राशि, कैसे बनेगा घर

- चयनित लाभुक राशि के लिए दर-दर भटकने को विवश
- नगर पर्षद द्वारा चौथे चरण में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 736 लाभुकों को आवास का तोहफा देने के लिए किया था चयन

**केटी न्यूज/डुमरांव**




प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत शत प्रतिशत आवासों को पूरा करने की लक्ष्य से डुमरांव नगर पर्षद भटक गया है। तीसरे और चौथे चरण के लाभुकों को किस्तों की राशि नही दी गयी, जिस वजह से आवास का कार्य अधर में लटक गया है। राशि को लेकर लाभुक दर-दर भटकने पर विवश है। नगर पर्षद द्वारा चौथे चरण में प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 736 लाभुकों को आवास का तोहफा देने के लिए चयन किया था, जिसमें गरीबों को वर्कऑर्डर दिया गया। इसके पूर्व भी तीसरे चरण में सैकड़ो वैसे लाभुक शामिल है, जिन्हें नप द्वारा अंतिम यानी तीसरी किस्त की राशि नही भेजी गयी, जिस वजह से उनका मकान बनाने का सपना अधूरा रह गया। नगर विकास व आवास विभाग ने पीएम आवास योजना को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया था बावजूद नप कर्मियों की लापरवाही और शिथिलता के कारण यह योजना कछुए की चाल की तरह चल रही है।

इस योजना से पहले चरण में 500 शहरी जरूरतमंदों को लाभ दिया गया जबकि दूसरे चरण में 387 और तीसरे चरण में 223 लाभुक परिवार इस योजना का लाभ उठाया। इस योजना में शामिल होने के लिए शहर के हर वार्डों से जरूरतमंदों द्वारा आवेदन दिया गया था, जिसे नप प्रशासन ने डोर-टू-डोर सर्वे कराकर वैसे गरीबों की सूची तैयार की जो मानक के अनुसार पाये गये है, जिनके पास शहर में भूमि उपलब्ध नही है वैसे लोगों को सरकारी जमीन पर विभाग द्वारा भवन बनाकर उपलब्ध कराया जायेगा।

### कम से कम तीन सौ स्क्वायर फीट जमीन होना जरूरी

नप सूत्रों की माने तो इस योजना में वहीं लोग शामिल होंगे, जिनके पास कम से कम तीन सौ स्क्वायर फीट जमीन होनी चाहिए। साथ ही उनका सालाना आय तीन लाख रुपये से कम निर्धारित हो। इस योजना के लाभुकों को सरकार दो लाख की राशि मुहैया कराती है। लाभुकों को मकान के नींव का कार्य शुरू करने के बाद प्रथम किस्त की राशि 50 हजार दी जायेगी। जब यह काम डोर लिंटर तक पहुंचेगा तो दूसरी किस्त के रूप में एक लाख रुपये तथा काम पूरा होने पर तीसरे किस्त की राशि 50 हजार दी जायेगी। इस योजना से जो जरूरतमंद वंचित है वह नगर पर्षद में आवेदन जमा कर सकते है। इसके लिए आवेदक को अपनी जमीन के कागजात, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, बैंक पासबुक की कॉपी सहित दो पास्टपोर्ट साइज की फोटो अनिवार्य किया गया है। इसके बाद उस आवेदन को नप द्वारा नगर विकास विभाग को भेजा जायेगा, जहां से स्वीकृति मिलने के बाद विभाग द्वारा सर्वे कराया जायेगा।

**बक्सर को नई सौगात: अत्याधुनिक सुविधाओं एवं हरित क्षेत्र से सुसज्जित 178 दुकानों का होगा निर्माण**

# गोलंबर के पास दो एकड़ जमीन पर चार करोड 90 लाख से बनेगा बक्सर हाट

- नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी ने जारी की नियमावली
- जल्द शुरू होगी दुकानों के बुकिंग की प्रक्रिया, दुकानों का आवंटन होगा ओपन, हर कोई कर सकता है आवेदन

**केटी न्यूज/बक्सर**




गोलंबर से लेकर वीर कुंवर सिंह सेतु तक जा रही राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 84 के किनारे लगभग 2 एकड़ भूमि पर जिला प्रशासन के सौजन्य से नगर परिषद बक्सर के द्वारा बक्सर हाट का निर्माण किया जाएगा। इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। यह एक पूर्णतः स्ववित्तपोषित योजना से तैयार होगी। जिसमें 60 प्रतिशत भाग हरित क्षेत्र के रूप में तथा 40 प्रतिशत भाग आर्थिक गतिविधियों के उपयोग में लाया जाएगा। इस हाट में लगभग 4 करोड़ 90 लाख की लागत से खाने-पीने सहित कुल 178 दुकानों का निर्माण कराया जाएगा। जो अपने आप में आकर्षक होगा। जहां हाट में हर प्रकार की दुकानों की व्यवस्था आवश्यकतानुसार की गई है। यूपी से बिहार में प्रवेश द्वार पर होने के कारण एवं आस-पास में बेहतर बसावट को लेकर स्थल का चयन किया गया है। जहां खान पान, फल सब्जी, किराना एवं सौंदर्य प्रसाधन, विद्युत व इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ ही दवा व किताब की दुकान को शामिल किया गया है। इसकी जानकारी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर अनुमोदन के बाद कार्य होगा।

**पांच कटगरी में हॉट होगा विभक्त, रहेंगी सुविधाओं:** जिला का प्रवेश द्वार एवं आस पास में बसावट होने को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन ने हरित क्षेत्र के साथ विशेष प्रकार की अलग-अलग पट्टियों वाला बक्सर हाट का निर्माण कराया जा रहा है। हाट को लेकर बक्सर हाट अनुश्रवण समिति गठित हो गई है। डीएम की अध्यक्षता में समिति गठित की गई है। बक्सर हाट में 178 दुकानों का निर्माण होगा। जिसमें दैनिक आवश्यकताओं यथा खान-पान का 70 दुकान होगा जो ग्रीन लेन, फल-सब्जी का 48 दुकान बैगनी लेन, किराना व सौन्दर्य प्रसाधन का 20 दुकान ब्लू लेन, इलेक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का 20 दुकान रेड लेन के साथ-साथ दवा और किताब की 20 दुकान येलो लेन शामिल है। जहां कुल 178 दुकानों का निर्माण प्रीफैब स्ट्रक्चर से किया जाएगा। साथ ही इसमे एक छोटा पार्क, ओपन थिएटर, पार्किंग, फव्वारे, रंग-बिरंगी लाइटें आदि के साथ-साथ प्रसाधन की सुविधाएं होंगी।

### 500 का होगा विवरणिका सह आवेदन पत्र

दुकानों के आवंटन की जानकारी के लिए नगर परिषद बक्सर द्वारा बक्सर हाट विवरणिका-सह- आवेदन प्रपत्र 500 रु० में उपलब्ध कराया जाएगा। ईओआई के प्रकाशन कर आवेदन की प्रक्रिया के तहत योग्य आवेदकों को लॉटरी के माध्यम नियम शर्तों के आधार पर दुकानों का आवंटन किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया और बक्सर हाट के लिए बक्सर हाट अनुश्रवण समिति का गठन जिला पदाधिकारी बक्सर की अध्यक्षता में किया जाएगा।

### दुकानों की दर निर्धारित

बक्सर हाट बाजार को बनाने में 4 करोड 90 लाख रुपए खर्च होगा। बाजार का निर्माण स्ववितपोषित आधार पर होगा। दुकानों का आवंटन निर्माण के पूर्व ही किया जाएगा। जिसमें इंट्री पर खान पान की दुकानें होंगी. उसके निर्माण पर आने वाले खर्च 3 लाख 9 हजार 500 है। वहीं कुल 40 प्रतिशत की राशि 1 लाख 23 हजार 800 रुपए विकास शुल्क के रूप में नगर परिषद द्वारा काटौती कर लिया जाएगा। वहीं अंदर की अन्य दुकानों के लिए 2 लाख 47 हजार 500 रुपए निर्धारित किया गया है। जिसमें 99 हजार रुपए की राशि नगर परिषद द्वारा विकास शुल्क के रूप में रख लिया जाएगा। वहीं शेष राशि किराये के रूप में रिटर्न दिया जाएगा।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा से शिक्षक अभ्यर्थियों तथा शिक्षकों की जगी आस

**बक्सर।** पूर्णिया में महागठबंधन की रैली में शिक्षकों की नारेबाजी पर मुख्यमंत्री पहले की तरह कठोर बातें नहीं बोले बल्कि कुछ नरमी देखी गई। उन्होंने मंच से ही घोषणा की महागठबंधन की सरकार पहले से बहाल शिक्षकों का वेतन बढ़ाएगी तथा जल्द लाखों शिक्षकों की बहाली भी होगी। शिक्षक संघर्ष मोर्चा बक्सर के अध्यक्ष मुक्तेश्वर प्रसाद ने अपनी प्रक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री को शिक्षकों की महत्ता मालूम है। तभी वे मंच से सकारात्मक बातें बोल रहे हैं। हम शिक्षक इसकी प्रशंसा करते हैं। अगर सरकार हमारी बातों पर गंभीर नहीं होंगी और हमें राज्यकर्मी का दर्जा सहित पुरानी पेंशन नहीं देती है तो हम शिक्षक विरोध में जाने से भी परहेज नहीं करेंगे। वेतन भुगतान की स्थिति वर्तमान शिक्षामंत्री द्वारा सुधारने पर शिक्षकों को भरोसा दिख रहा है कि सरकार उनकी सुनेगी। शिक्षक नेतृत्वकर्ता अमितेश कुमार, जयप्रकाश शर्मा, राजेश कुमार, धनजी सिंह, सुरेन्द्र सिंह, चंद्रमा राम, संतोष कुमार सिंह, विमल कुमार, जयकुमार राय, सहित दर्जनों शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान सरकार को अपने किए गए चुनावी वादों को अमल में लाकर स्वच्छ राजनीति को दिखाना चाहिए।

### सर सीवी रमन टैलेंट सर्च टेस्ट में कैंबिज स्कूल के प्रतिभागी वेद प्रकाश राज्य में प्रथम

**बक्सर।** कैम्ब्रिज सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल बक्सर के छात्रों ने गत दिनों आयोजित सर सी.वी. रमन टैलेन्ट सर्च टेस्ट (साइन्स) - 2023 में अपना



परचम लहराया। नवम वर्ग श्रेणी में राजेश कुमार राय का पुत्र वेद प्रकाश राय पूरे राज्य भर में प्रथम स्थान पर रहे। वेद प्रकाश राय को 100 में से 86 अंक प्राप्त हुए। इसके अलाने जिला स्तर पर दिलखुश ठाकुर वर्ग-नवम प्रथम स्थान पर, अनुभव तिवारी वर्ग-नवम द्वितीय स्थान पर, घनश्याम पाल वर्ग- नवम तृतीय स्थान पर तथा सत्यम कुमार वर्ग-नवम चतुर्थ स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना है। छात्रों की सफलता को लेकर विद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय निदेशक डॉ. मोहन चौबे, प्राचार्य मिथिलेश कुमार चौबे के साथ ही शिक्षकों में खुशी का माहौल है।

### चौसा में कल राकेश टिकैत की किसान महापंचायत


**चौसा।** आठ सूत्री मांगों को लेकर पिछले 17अक्टूबर से प्रभावित किसान खेतिकर मजदुर मोर्चा के बैनर तले चल रहे अनिश्चितकालीन धरना शनिवार



को 132वें दिन भी जारी रहा। बनारपुर पंचायत भवन पर चल रहे उक्त धरना की अध्यक्षता अंगद सिंह तथा मंच संचालन मनोज पाण्डेय ने किया। धरना पर उपस्थित किसानों ने कहा कि जिला प्रशासन व कंपनी की अनदेखी के चलते ही हम सभी किसानों को धरना देना पड़ रहा है। रेल कारिडोर और पाइपलाईन के लिए अधिग्रहण की जा रही भूमि का उचित मुआवजा जबतक हम किसानों को नहीं मिल जाता जबतक थर्मल पावर प्रोजेक्ट एरिया से बाहर कंपनी से जुड़े कोई भी कार्य नहीं करने दिया जायेगा। सोमवार को बनारपुर खेल मैदान में किसानों के राष्ट्रीय नेता चौधरी राकेश टिकैत की होनेवाली किसान महापंचायत की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उक्त महापंचायत में अधिक से अधिक किसान-मजदूर भाईयों को आने की अपील भी की गई। धरना में शिव बिलास पांडेय, घनश्याम चौधरी, अनिल तिवारी, भैरव राय, नंदलाल शर्मा, नंदलाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### टीएलएम मेला का किया गया आयोजन

**सिमरी।** सिमरी प्रखंड मुख्यालय अवस्थित प्रखंड संसाधन केंद्र परिसर मे शनिवार को टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। उक्त मेला मे प्रखंड



क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक द्वारा वर्ग 1 से 5 तक के बच्चों को सुगमता से समझ विकसित करने के उद्देश्य से शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण की गई थी। निर्णायक मंडल के प्रत्येक प्रतिभागियों द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रस्तुतीकरण की गई. निर्णायक मंडल द्वारा प्रदर्शनी मे बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिक्षक व शिक्षिकाओं का चयन जिला स्तरीय मेला मे भाग लेने हेतु किया गया. जिसमे अंग्रेजी के लिए सुभाष चौहान व पूर्णिमा गुप्ता, गणित विषय मे निशा पाण्डेय व अरविन्द खरवार, सामान्य विज्ञान मे संगीता कुमारी शर्मा व प्रभा कुमारी का चयन किया गया. निर्णायक मंडल मे अशोक कुमार राय, शालीग्राम दूबे, महेंद्र कुमार, सुबोध राय, ज्योती रंजन केशरी, मनोज कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

### भोजपुरी गायक प्रमोद प्रेमी के अश्लील गाने को विरोध में आज लोजपा करेगी पुतला दहन

**केसठ।** भोजपुरी गायक प्रमोद प्रेमी ने होली पर एक अश्लील गाना लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के ऊपर गया है।इसको लेकर लोजपा (रामविलास) के कार्यकताओं में काफी आक्रोश है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बक्सर जिला युवा महासचिव जितेंद्र पासवान ने कहा कि भोजपुरी में अश्लीलता बढ़ती ही जा रही है इसको लेकर पार्टी के कार्यकताओं द्वारा केसठ नया बाजार में रविवार को भोजपुरी गायक प्रमोद प्रेमी का पुतला दहन किया जाएगा।

## आर्केस्ट्रा की दो नर्तकियों ने आपस में की समलैंगिक शादी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शनिवार को डुमरांव का डुमरेजनी मंदिर परिसर समलैंगिक शादी का गवाह बना। यहां आर्केस्ट्रा पार्टी में बतौर नर्तकी काम करने वाली दो नर्तकियों ने आपस में समलैंगिक शादी की है। दोनों कोरानसराय के एक आर्केस्ट्रा पार्टी में पिछले तीन सालों से काम कर रही थी। इस दौरान दोनों के बीच नजदिकियां बढ़ी तथा दोनों ने सात फेरे ले एक दूसरे के साथ रहने की कसमें खाई है।

बता दें कि कोरानसराय के आर्केस्ट्रा पार्टी में काम करने वाली त्रिवेणीगंज सुपौल की रहने वाली अनिशा कुमारी पिता उमेश सरदार तथा जयनगर अररिया की रहने वाली पायल कुमारी पिता फेकू सरदार ने डुमरेजनी मंदिर में शादी करने के पहले डुमरांव अनुमंडलीय कोर्ट पहुंच पहले अपने शादी को कानूनी जामा पहनाया। उसके बाद डुमरांव के सबसे प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में मत्था टेकने के बाद दोनों अपने पूरे साथियों के साथ डुमरेजनी मंदिर पहुंच धूम धाम से शादी की। इस दौरान पति बनी अनिशा तथा पत्नी बनी पायल ने एक दूसरे को वरमाला पहनाया। इस दौरान वहां खड़े आर्केस्ट्रा पार्टी के लोग तालियां बजा दोनों को बधाई दिए।

आर्केस्ट्रा पार्टी के संचालक सुपौल के रहने वाले लालजी ने बताया कि अनिशा का परिवार इस शादी से सहमत है जबकि पायल का परिवार इसका विरोध कर रहा है। बावजूद दोनों अब सारी बंदिशों को ताक पर रख साथ रहने की कसमें खा चुके है। बता दें कि जिले में समलैंगिक शादी की यह पहली घटना है।

### शादी समारोह में गया था परिवार, घर में चोरों ने किया हाथ साफ

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र आशा पड़री गांव के जगरनाथ तिवारी को अपना घर बंद कर परिवार के साथ एक शादी समारोह में जाना महंगा पड़ गया है। घर में ताला बंद होने से चोरों ने इसे अपने काम के लिए महफूज समझा और ताला तोड़ आभूषण समेत लाखों रूपए मूल्य के कीमती सामान चुरा लिए है। शुक्रवार को जब वे अपने परिवार के साथ वापस लौटे तथा गेट में लगे ताला को टूटा पाया तो चोरी की बात समझ में आई। जब पीड़ित ने अपने घर की पड़ताल की तो आभूषण समेत कई अन्य कीमती सामान गायब पाया। उन्होंने स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वही ग्रामीण क्षेत्र में हुई चोरी की इस वारदात के बाद कई सवाल खड़े हो रहे है।

## रामगढ़ डेरा के समीप ट्रक-कार की सीधी टक्कर में डुमरांव के कपड़ा व्यवसायी की मौत

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के एनएच 84 स्थित रामगढ़ डेरा के समीप ट्रक-कार की आमने सामने टक्कर में कपड़ा व्यवसायी की मौत हो गई. बताया जाता है कि डुमरांव के रहने वाले मो. सलीम का पुत्र मो कलीम शनिवार की सुबह अपने कार से भोजपुर की तरह आ रहा था। जबकि ट्रक भोजपुर से आगे जा रहा था। जैसे ही दोनों रामगढ़ डेरा के समीप पहुंची दोनों में आमने सामने टक्कर हो गई। जिससे कपड़ा व्यवसाई की घटनास्थल पर मौत हो गई। घटना सुबह 6:00 बजे की है। टक्कर के बाद आवाज मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। जबकि घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मृतक लोअर और टीशर्ट लेकर आ रहा सप्लाई देने के लिए जा रहा था। घटना की सूचना परिजन को दी। सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया और परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने कागजी कार्रवाई करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। मामले की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने बताया कि रोड दुर्घटना में डुमरांव निवासी मो कलीम की मौत हो गई. शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजन सौंप दिया गया।

## दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

**केटी न्यूज/नावानगर**

बासुदेवा ओपी के गोविंदपुर गांव में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालो ने विवाहिता के साथ मारपीट कर घर से निकालने की मामला प्रकाश में आया है। साथ ही घर से निकालने के बाद ससुराल वालों ने विवाहिता को मैके के बधार में छोड़ दिया। इसको लेकर विवाहिता ने बासुदेवा ओपी में ससुराल वालों पर एफआईआर दर्ज कराया है। दर्ज एफआईआर मे विवाहिता कंचन कुमारी ने बताया है कि वर्ष 2019 में उसकी शादी गोविंदपुर निवासी सुभाष सिंह के पुत्र संजय कुमार के साथ हिन्दू रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से दहेज में बाइक खरीदने के लिए ससुराल वालों द्वारा एक लाख रुपये की मांग करने की दबाव बनाने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वाले मारपीट के साथ मुझे प्रताड़ित करने लगे। अंततः ससुराल वालों ने मारपीट कर मुझे मेरे मैके बुढाईला के बधार में छोड़ दिए। विवाहिति कंचन कुमारी द्वारा अपने पति संजय कुमार, ससुर सुभाष सिंह, सास रानी देवी और जेठ हिमांशु सिंह पर प्रताड़ित एवं मारपीट करने का नामजद एफआईआर दर्ज कराया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए बासुदेवा ओपी प्रभारी विष्णु देव कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामला की जांच की जा रही है।

### विवाहिता ने फांसी लगा दे दी जान

**बक्सर।** नया बाजार में परिवारिक विवाद में एक विवाहिता ने फांसी लगा जान दे दी। मृतक के परिजनों के बयान पर पुलिस ने हत्या के जुर्म में पति और देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नदाव गांव निवासी जय प्रकाश चौहान परनी पुत्री प्रियंका कुमारी की शादी वर्ष 2022 में पारस चौहान के पुत्र दीपू चौहान से किया था। शादी के बाद से ही पारिवारिक विवाद अक्सर हुआ करता था।

## बलिहार में बिना काम कराए संवेदक ने गटकी राशि, जांच में खुली पोल

**केटी न्यूज/सिमरी**

सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किस कदर लूट मचाई जा रही है इसकी बानगी शनिवार को प्रखंड के बलिहार पंचायत में देखने को मिली। जिला लोकशिकायत पदाधिकारी के निर्देश पर सिमरी बीडीओ के नेतृत्व में गठित जांच टीम जब बलिहार पंचायत के वार्ड चार में पहुंची तो वार्ड क्रियान्वयन समिति की करतूत उजागर हुई। इस वार्ड में सात निश्चय के तहत कराए गए कुल चार योजनाओं की जांच की गई। जिसमें दो योजनाओं में बिना काम कराए ही पूरी रकम की निकासी तथा दो अन्य योजनाओं में भारी अनियमितता उजागर हुई है। बता दें कि ग्रामीण लालबिहारी ने बलिहार पंचायत के वार्ड चार में सात निश्चय योजना के क्रियान्वयन में लूट खसोट करने का आरोप लगा इसकी जांच कराने की मांग अनुमंडल लोक शिकायत में की थी। उसकी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिला लोक शिकायत पदाधिकारी ने सिमरी बीडीओ को इसके जांच का जिम्मा दिया था। जांच के दौरान बीडीओ शशिकांत शर्मा, तकनीकी सहायक नूर मुहम्मद, मु अहमद अली, जेई अभिनव कुमार सिंह, पंचायत सचिव सिपाही राम, वार्ड सदस्य के साथ शिकायतकर्ता मौजूद थे।

### निपुण टी एल एम मेला का आयोजन

**केसठ।** प्रखंड स्तरीय निपुण टी एल एम मेला का आयोजन हुआ। जिसमें प्रखंड के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों के शिक्षक भाग लिए। प्रखंड स्थानीय निपुण टी एल एम मेला का आयोजन विभागीय निर्देश पर संकुल संसाधन केंद्र केसठ के प्रांगण में किया गया। इस मेला में सर्वश्रेष्ठ टी एल एम के चयन हेतु प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पूनम कुमारी द्वारा निर्णायक मंडल का गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शिक्षक नसरुद्दीन अंसारी,संतोष कुमार सिंह, मुकेश कुमार यादव निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में थे।

## खबरें फटाफट

### आग लगने से लाखों की संपत्ति राख

**बलिया।** सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र के बालूपुर गांव में खाना बनाते समय गैस चूल्हे के पाइप लीकेज होने से आग लगने से नगदी सहित लाखों के सामान जलकर राख हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बालूपुर गांव निवासी रमेश पटेल के घर की महिलाएं गैस चूल्हे पर खाना बना रही थी कि अचानक चूल्हे के पाइप से गैस लीकेज होने लगा। और देखते देखते आग लग गयी। जिसको देखकर महिलाएं चिल्लाने लगी। आस पास के लोग पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास करने लगे। बहुत प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। जब तलक घर मे रखा 51 हजार नगदी सहित अनाज, 1 कुंटल चावल, 2 कुंटल गेंहू, कपड़ा, पलंग, अलमारी व घर में रखा अन्य सामान जलकर राख हो

### चार पर साहूकारी एक्ट का मुकदमा

**बलिया।** जनपद में एंटी सूदखोरी सेल के गठन के बाद लगातार प्रताड़ना की शिकायतें आने लगी हैं। बलिया पुलिस लगातार सूदखोरों पर शिकंजा कसती जा रही है। सदर कोतवाली क्षेत्र के दो पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस से व्यापारी आत्महत्या मामले में जेल में बंद दो आरोपियों पर साहूकारी अधिनियम समेत अन्य धाराओं में फिर केस दर्ज किया है। नगर के आर्य समाज रोड़ निवासी मीरा गुप्ता ने कोतवाली में लिखित शिकायत की कि पति हरिशंकर गुप्ता पेंट आदि की दुकान चलाते थे। व्यवसाय के लिए उन्होंने बांसडीहरोड थाना के परिखरा निवासी सुनील मिश्र से कुछ वर्ष पहले करीब 2.90 लाख रुपये कर्ज लिए थे। पैसा का दस गुना ज्यादा देने के बावजूद 27 लाख रुपये बकाया होने का दावा कर जबरदस्ती दबाव बनाकर मकान की रजिस्ट्री करा ली। इसके बाद तनाव में आकर पति ने घर छोड़ दिया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने सुनील के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं, दुबहड़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर शहर के रामपुर महावल निवासी रणजीत सिंह उर्फ हनुमान व उनके दो अज्ञात गुर्गों के खिलाफ साहूकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पुलिसिंग: थाना दिवस पर शहर कोतवाली में आईजी ने सुनी फरियादियों की गुहार

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शनिवार को थाना दिवस पर पीड़ितों की फरियाद सुनने पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र के. सत्य नारायणा सीधे गाजीपुर पहुंचे। वहां शहर कोतवाली में आयोजित ?थाना दिवस? पर आईजी ने पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में लोगों की समस्याएं सुनी। थाना दिवस के मौके पर कोतवाली पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को सुनने तथा उसके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया। थाना दिवस में शामिल होने से पूर्व पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी ने कोतवाली का निरीक्षण भी किया। इस दौरान सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क तथा बैरक का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, क्षेत्राधिकारी नगर, एसडीएम सदर, थाना प्रभारी कोतवाली, लेखपाल व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।





**क्रीड़ा स्थल का आईजी ने किया उद्घाटन :** पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र के. सत्य नारायणा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन के क्रीड़ा स्थल तथा परेड ग्राउंड के सुंदरीकरण का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिसके बाद उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ ग्रामीण के साथ ही सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारी एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### आईजी ने माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई के दिए निर्देश

पुलिस महानिरीक्षक के. सत्यनारायणा द्वारा पुलिस लाइन में अधिकारियों की मीटिंग ली गई। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ ग्रामीण व सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान थानों में लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी ली गई तथा संबंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया।

## टीईटी एग्जाम में ऑनलाइन नकल कराने की सूचना के बाद एसटीएफ ने की कार्रवाई

# पीटीईटी परीक्षा में गड़बड़ी को ले वाराणसी व प्रयागराज से महिला समेत 20 सॉल्वर अरेस्ट

**एजेंसी/वाराणसी**

शनिवार को केंद्रीय विद्यालय (केवी) की टीचर पात्रता परीक्षा (पीटीईटी ऑनलाइन) में वाराणसी और प्रयागराज से 20 सॉल्वर हिरासत में लिए गए हैं। इसमें एक महिला सॉल्वर भी शामिल है। वहीं, हरियाणा से इसका गैंग का मुखिया भी पकड़ा गया है। यूपी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम ने यह भंडाफोड़ किया है। ऑनलाइन एग्जाम में सॉल्वरों के पकड़े जाने के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। गैंग का सरगना हरियाणा के पलवल से अरेस्ट किया गया है। वहीं, बाकी के सदस्यों में 14 वाराणसी से और छह सॉल्वर प्रयागराज से गिरफ्तार किए गए हैं। इन लोगों के पास से 17 लैपटॉप, एक प्रिंटर, 13 सीपीयू, तीन इंटरनेट राऊटर, 24 मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड और पांच प्रिंटेड एडमिट कार्ड बरामद हुए हैं। ये सभी लोग कंप्यूटर हैंकिंग का सहारा लेकर एग्जाम हॉल में नकल कर रहे थे।आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। इनके पास से कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से बरामद की गई है। फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से पूरा डाटा रिकवर किया जा रहा है।

**परीक्षा में कराई जा रही थी ऑनलाइन नकल :** यूपी एसटीएफ की टीम को सूचना मिली कि सेंट्रल स्कूल के टीईटी एग्जाम में ऑनलाइन नकल कराई जा रही है। वाराणसी, प्रयागराज और नोएडा की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) टीम ने सॉल्वरों की खोज में निकली। वाराणसी और प्रयागराज के ऑनलाइन एग्जाम सेंटरों से कुल 20 सॉल्वरों को अरेस्ट कर लिया गया। प्रदेश में पीटीईटी एग्जाम की प्रथम पाली में कुछ परीक्षार्थियों के आवंटित कंप्यूटर नोड को लोकल एरिया नेटवर्क (लैन) और प्रॉक्सी सर्वर के माध्यम से नकल कराया जा रहा था। इसकी पूरी कंट्रोलिंग सुदूर हरियाणा के पलवल में बैठकर की जा रही थी। यहां पर रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन के द्वारा सॉल्वर तक नकल का मैटर सीधे उनके कंप्यूटर मॉनिटर तक भेजा जा रहा था।



■ कंप्यूटर हैकर्स परीक्षा में करा रहे थे नकल, हरियाणा से पकड़ा गया मुख्य सरगना

**पकड़ा गया सरगना :** यूपी एसटीएफ द्वारा हरियाणा के पलवल से गिरोह का सरगना चितरंजन शर्मा को गिरफ्तार किया गया। वहीं, वाराणसी से इन सॉल्वरों 14 की गिरफ्तारी हुई। जिसमें सुजीत कुमार, प्रशांत वर्मा, दीपक कुमार, संतोष पटेल, दीपक सिंह, सुधांशु शेखर सिंह, जयचंद सिंह, इंद्रेश यादव, दीप्ती सिंह, प्रतिभा सिंह, भुवनेश कुमार, ओमकार सिंह, अखिलेश कुमार यादव और संजय कुमार शामिल हैं।

## नगरा के जनता इंटर कॉलेज में गणित की परीक्षा के दौरान पकड़े गए 11 लोग

■ छात्रों का फर्जी प्रवेशपत्र बनाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बलिया**

जनता इंटर कालेज नगरा में हाईस्कूल गणित की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़े गए 11 छात्रों का फर्जी प्रवेशपत्र बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। क्षेत्र के परशुरामपुर बाजार में संचालित दुकान से नागेंद्र वर्मा निवासी ताड़ीबड़ागांव को लैपटॉप, स्कैनर और प्रिंटर के साथ पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को चालान कर दिया।

यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट गणित की परीक्षा के दौरान नगरा के जनता इंटर कालेज से 11 लोगों को दूसरे के स्थानों पर परीक्षा देते गिरफ्तार किया गया था। उक्त लोगों के साथ ही केंद्र व्यवस्थापक आदि के खिलाफ भी कार्रवाई की गई थी। गिरफ्तार लोगों की निशानदेही पर पुलिस ने ताड़ीबड़ागांव में छापा मारा। एसआई छुन्ना सिंह ने घेरेबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर प्रयुक्त लैपटाप, स्केनर, सीपीयू, मॉनीटर व प्रिंटर को एक दुकान से बरामद कर लिया। आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर शनिवार को चालान कर दिया।



### लालगंज में पकड़े गए किया गया चालान

क्षेत्र के महात्मा गांधी इंटर कालेज दलन छपरा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते पकड़े गए दो आरोपियों का पुलिस ने चालान कर दिया। उक्त दोनों आरोपी अंग्रेजी की परीक्षा के दौरान दूसरे के स्थान पर परीक्षा देते गिरफ्तार किए गए थे।

## एक नजर

### दरोगा जी नाटक का हुआ मंचन



**बलिया।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ एवं जिला प्रशासन बलिया द्वारा 25 से 28 फरवरी तक गंगा बहुउद्देशीय सभागार में नाटक का मंचन चलेगा। जिला भाजपा अध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला विकास अधिकारी ने जयप्रकाश साहू को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके उपरांत शैलजा कांत, सर्वेक्षण अधिकारी उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ का संबोधन हुआ। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश संगीत नाट्य कला अकादमी द्वारा प्रत्येक वर्ष हर जिले में प्रशासन के सहयोग से नाट्य समारोह का आयोजन किया जाता है। इससे पहले बलिया में कभी भी नाट्य समारोह का आयोजन नहीं हुआ था। अकादमी के लिए यह एक अच्छा अवसर है कि जनपद बलिया में नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने कहा कि नाटक हमारे अंदर एकाग्रता लाते है इस तरह के समारोह होते रहने चाहिए। नाटक हमारे व्यक्तित्व को निखरते है। नाटक समाज का आईना दिखाते हैं। इस नाटक में जब्बार अकरम के अतिरिक्त सफी अहमद खान, मो. आमिर, मो. नफीस सिद्दीकी, विनीत जयसवाल, शुभम अवस्थी, बलराम सिंह निर्मल, सुभाष वर्मा, एसके टाइगर, महेंद्र कुमार, जया उपाध्याय, भारतीय मिश्रा, सुनील शर्मा, धीरज सिंह और शैलेंद्र तिवारी ने भाग लिया।

### बिजली बिल में सहयोग करेंगे पंचायत सहायक



**बलिया।** गांव में बिजली बिल से संबंधित समस्या को देखते हुए जिलाधिकारी की पहल पर ग्राम पंचायत में बिजली बिल जारी करने के लिए तैनात मीटर रीडर अब पंचायत सहायक की निगरानी में गांव में जाकर मीटर रीडिंग का काम करेंगेक अभी प्रयोग के तौर पर ये व्यवस्था विद्युत विभाग के चित्तबड़ागांव सब स्टेशन से प्रारम्भ की गयी हैक उसके तहत चित्तबड़ागांव सब स्टेशन के कारो फीडर, नरही फीडर तथा टाउन फीडर के समस्त ग्राम पंचायत मे मीटर रीडिंग करने हेतु तिथिवार रोस्टर तैयार किया गया है। चितबड़ागांव उपकेंद्र पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा ने कहा की सभी ग्राम पंचायत के सरकारी भवनो पर मीटर रीडर का नाम तथा मोबाइल नंबर अंकित किया जायेगाकमीटर रीडर अपने निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायत मे जाकर बिजली बिल जारी करने का कार्य करेंगेकबैठक में उपायुक्त स्वतः रोजगार, अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग, सहायक अभियंता विद्युत विभाग, खंड विकास अधिकारी सोहाव तथा हनुमानगंज, सहायक विकास अधिकारी, पंचायत सहायक तथा मीटर रीडर मौजूद थे।

### 27 को चितबाड़ागांव आएंगे नितिन गडकरी



**बलिया।** आगामी 27 फरवरी सोमवार को केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी के आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने बताया कि बलिया लोकसभा सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के प्रयास से बलिया में बनने वाले उत्तर प्रदेश के पहले ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का 27 फरवरी को चितबड़ागांव में केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शिलान्यास करेंगे। वो 6 हजार करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले गाजीपुर से हाजीपुर तक ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे की आधारशिला रखेंगे। उनके चितबड़ागांव आगमन से पूर्व नगरपंचायत स्थित सांई कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार की देर शाम कार्यकताओं की एक बैठक हुई। बैठक का उद्देश्य कार्यक्रम को रूपरेखा देना व अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचने का आग्रह किया गया। संयोजक पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने फेफना विधानसभा का हृदय के रूप में पहचान रखने वाले चितबड़ागांव की पावन भूमि पर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी के आगमन को फेफना विधानसभा एवं चितबड़ागांव को सौभाग्यशाली बताया। जिसपर भाजपा नेता अमरजीत सिंह ने पूर्व मंत्री को आश्वास्त करते हुए कहा कि नगरपंचायत चितबड़ागांव मे होने इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए नगर पंचायत के लोग ऐतिहासिक भीड़ के साथ कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### खेत में मिला अधेड़ का शव, हत्या का आरोप



**बलिया।** रेवती थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपालपुर पश्चिमी में 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के बाद अन्त्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। उधर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि रेवती थाना क्षेत्र के घाघरा दियारांचल क्षेत्र के भोपालपुर पश्चिमी गांव निवासी किशुन यादव शुक्रवार की शाम अपने घर से निकले। जिनका शव घर से करीब 40 मीटर दूर खेत में पाया गया। मृतक किशुन यादव की पत्नी देव कुमारी देवी ने बताया कि वो तथा उनका पुत्र सोनू तारीख पर बलिया गए हुए थे। जब वे घर वापस लौटे तो उनके पति घर पर नहीं थे। खोजबीन किए जाने के पश्चात घर से कुछ ही दूर खेत में उन्हें मृत अवस्था में मिले।

## मायावती के विरुद्ध अभद्र गाना गाने के मामले में प्रमोद प्रेमी पर प्राथमिकी

**बलिया।** जिले के रसड़ा थाने पर शनिवार को बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं ने तहरीर दी। बसपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के विरुद्ध अभद्र गाना गाने वाले के गायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। विस अध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने भोजपुरी गायक प्रमोद प्रेमी और गीतकार मनीष गौरी पर आपत्तिजनक गायकी का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने लिखित शिकायत करते हुए कहा कि प्रमोद प्रेमी द्वारा सोशल मीडिया पर जारी किए गए गीत के माध्यम से बसपा प्रमुख मायावती समेत कई अन्य राजनेताओं के लिए अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर जनमानस की भावना को ठेस पहुंचाया गया है। इससे उनके साथ ही कार्यकताओं के मान-सम्मान को ठेस पहुंची है। कार्यकताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। बसपा में भाईचारा समाप्त होने की स्थिति पैदा हो रही है। उच्च कोटि के नेता के खिलाफ इस प्रकार का अश्लील गीत एक गंभीर राष्ट्रीय अपराध की श्रेणी में आता है। इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना पैदा हो गई है। न्याय हित एवं राष्ट्र हित में उपरोक्त गायक और लेखक के विरुद्ध सबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाए।

## पत्नी से झगड़ा करने के बाद युवक ने की आत्महत्या

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के जंगीपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन अंतर्गत अंबेडकर नगर में किराये के मकान में रहने वाले एक युवक ने शुक्रवार की रात छत की कुंडी में रस्सी के सहारे लटककर अपनी जान दे दी। शनिवार की सुबह जब उसकी पत्नी ने देखा तो जोर से चिल्लाने लगी। उसकी रोने की आवाज सुनकर आस-पास के लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जाता है कि बाराचवर थाना क्षेत्र के झोटारी गांव निवासी दीनबंधु बिंद (25) एक साल पूर्व नगर के वार्ड नंबर तीन अंबेडकर नगर में किराए के मकान में पत्नी और दो वर्षीय बच्ची के साथ रहता था। लोगों का कहना है कि दीनबंधु नगर के कृषि मंडी समिति के पास ठेले पर दाना भुजा बेचता था। वह शराब का भी सेवन करता था। जिसे लेकर पत्नी बराबर उसे शराब पीने से मना किया करती थी। शुक्रवार की देर रात दीनबंधु दुकान बंद करके घर आया तो किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हुआ। उसके बाद वह छत पर सोने चला गया।



सुबह जब दीनबंधु नहीं जगा तो उसकी पत्नी उसे जगाने छत पर गई। अपने पति को रस्सी से लटकते देख उसके होश उड़ गए, वह चिल्लाने लगी। उसकी आवाज सुनकर आस- पास के लोग भी मौके पर जुट गए। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज कृष्णकांत उपाध्याय ने लोगों की मदद से शव को नीचे उतरवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि किसी बात को लेकर रात में पति पत्नी में झगड़ा हुआ था। इससे नाराज होकर उसने यह कदम उठा लिया।

## गाजीपुर विश्वविद्यालय बनाने की मांग को विधायक मन्नू अंसारी ने विधानसभा में उठाया, लोगों में उत्साह

# ट्रामा सेंटर में सुविधाओं के अभाव में नहीं शुरू हुआ लोगों का इलाज: विधायक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

विधानसभा सत्र के दौरान शुक्रवार को सपा विधायक मन्नू अंसारी ने विधानसभा में गाजीपुर में विश्व विद्यालय की स्थापना की मांग उठाई। उन्होंने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि जिले में विश्व विद्यालय की अत्यंत आवश्यकता है। यहां के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता है। इसमें काफी पैसा खर्च होता है। आर्थिक रुप से कमजोर परिवार के छात्र उच्च शिक्षा से वंचित हो जाते हैं।



विधायक ने यह भी बताया कि विश्व विद्यालय की स्थापना के लिए जितने महाविद्यालय की आवश्यकता होती है, उससे दोगुना महाविद्यालय गाजीपुर में हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में मुहम्मदाबाद में ट्रामा सेंटर बनाने की नींव पड़ी थी, जो आज बनकर तैयार हो गया है। लेकिन उसमें चिकित्सक और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में इलाज का कार्य शुरू नहीं हुआ है, इसके चलते क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दुर्घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए काफी पैसा खर्च कर वाराणसी या मऊ ले जाना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में किसानों को सिंचाई के लिए ट्यूबवेल पर निर्भर रहना पड़ता है, लेकिन जर्जर तार, कम वोल्टेज व खराब ट्रांसफार्मर के चलते यह ट्यूबवेल चल नहीं पाते। जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने मांग किया कि मुहम्मदाबाद भांवरकोल में एक-एक विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना की जाए। जिससे कि समस्या दूर हो सके। उन्होंने कहा कि मगई नदी पर दो पुल की आवश्यकता है। इससे क्षेत्रीय जनता को सुविधा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे विधानसभा में रेवतीपुर ब्लाक सहित उन्य लाकों में आठ पुल टूटे हुए है। जिसे तत्काल बनाने की आवश्यकता है। विधायक मन्नू अंसारी ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के किनारे मेरे विधानसभा में सपा सरकार ने एक सब्जी मंडी स्वीकृत किया था लेकिन अभी तक नही बना है। सब?जी मंडी बन जाने से क्षेत्र के किसानों व नौजवानों को रोजगार की सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मुहम्मदाबाद तहसील के कई गांव कासिमाबाद तहसील में चले गये हैं जिससे वहां की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र की जनता की मांग पर उन गांवों को वापस मुहम्मदाबाद तहसील में जोड़ा जाये। उन्होंने कहा कि मेरे विधानसभा में एक खेल स्टेडियम की अति आवश?यकता है। सरकार उसे शीघ्र बनवाने का कष्ट करे।